# मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद

## सराहनीय कार्य पेपर कंटिग मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद।

## दिनांकः- 20-09-2024

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद अमरोहा**

**दिनाँक- 20-09-2024**

# गैंगस्टर एक्ट में दो साल दो माह की कैद, पांच हजार का जुर्माना

जासं, अमरोहाः अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में युवक को दो साल दो महीना कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

आदमपुर थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष ओपी सिंह राणा ने 23 अप्रैल 2009 को रहरा थानाक्षेत्र के गांव पथरा निवासी चंद्रभान सिंह और उसके साथी रामेश्वर खागी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। दोनों पूर्व में हत्या के मामले में भी आरोपित थे। बाद में जमानत पर छूट आए थे। गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे रामेश्वर और चंद्रभान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

परंतु इस मामले में भी कुछ दिन बाद दोनों जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। अब इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय ज्योति की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए चंद्रभान को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे एसपीओ रामध्यान ने बताया कि अदालत ने चंद्रभान को दो साल दो महीना कैद की सजा सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# बहजोई में छिपकर रह रहा चोरी का आरोपी 6 साल बाद गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**2018 में दर्ज हुए थे वाहन चोरी समेत छह मामले, कोर्ट ने जारी किए थे वारंट**

गजरौला। वाहन चोरी और अवैध असलहा रखने में छह साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने बहजोई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया।

सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी टीकम सिंह शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ वाहन चोरी और अवैध असलहा रखने के छह मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2018 में केस दर्ज होने के बाद से वह न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। अदालत ने उसके कुर्की वारंट जारी कर दिए। इस पर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस उसकी तलाश में लगी।

पता चला कि वह संभल जिले में बहजोई थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में छिप कर रह रहा है। ब्रजघाट चौकी इंचार्ज नीतेंद्र वशिष्ठ ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गजरौला। खेत पर गई महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। घटना नौ सितंबर की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने खेत पर गई थी। वहां पहले से ही मौजूद ग्रामीण ने महिला को अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपी खूबचंद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद बिजनौर**

**दिनाँक- 20-09-2024**

# घर में घुसकर लूट करने वाला गिरफ्तार

नजीबाबाद। नगर के दीवान परमानंद मोहल्ले में एक घर में घुसकर महिला से जेवर और नकदी लूटने वाले आरोपी अजय मोहल्ला पाईबाग को गिरफ्तार कर लिया। अरूण कुमार रंधर ने बताया कि घर में उनकी पत्नी निशा अकेली थी। दरवाजे खुले पाकर एक युवक घुस आया और धारदार हथियार दिखा कर लूटपाट की। सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस आरोपी के घर तक जा पहुंची और उसको गिरफ्तार कर लिया।

## एएसपी सिटी ने वाहन चोरी की घटनाओं का गुरुवार को किया खुलासा

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

**शिकंजा**

बिजनौर, संवाददाता। बिजनौर कोतवाली नगर पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार किए हैं। जिनके पास से तीन कार, 40 स्टेपनी, गाड़ियों के पार्टस और भारी मात्रा में स्क्रैप मिला है। चोर लग्जरी गाड़ियों को अपना निशाना बनाते थे और कबाड़ी को बेच देते थे।

एएसपी सिटी संजीव कुमार बाजपेई ने गुरुवार को पुलिस लाइन के सभागार में चोरी की घटनाओं को खुलासा किया। बताया कि बिजनौर नगर में पिछले काफी समय एक वाहन चोर गैंग सक्रिया था। जो लग्जरी गाड़ियों को निशाना बनाते थे।

एएसपी सिटी ने बताया कि वाहन चोरी को खुलासा करने के लिए तीन टीमें लगाई गई थी। जिन्होंने सीसीटीवी खंगाले तो आरिफ और शमीम की पहचान हुई। जिनको कोतवाली नगर पुलिस ने मंडावर मार्ग स्थित मालन नदी के पुल के पास से आरिफ और शमीम को गिरफ्तार किया गया। इन्ही की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से होंडा सिटी समेत तीन कार, तीन कार कटी हुई, 40 स्टेपनी मय टायर और गाड़ियों के पाटर्स बरामद किए है। बरामद होंडा सिटी रूड़की से चोरी की गई थी।



बिजनौर पुलिस लाइन में पकड़े गए वाहन चोरों की जानकारी देते एसपी सिटी। • हिन्दुस्तान

### ऋषिकेश में बेच देते थे चोरी के वाहन

एएसपी सिटी ने बताया कि आरिफ, शमीम, इजहार और फारूख मिलकर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और वाहनों को ऋषिकेश में मोहसिन को बेच देते थे। मोहसिन सभी वाहनों के पार्टस अलग-अलग कर बेच देता था।

### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरिफ निवासी मोहल्ला रहमतनगर उर्फ मक्खीनगर कस्बा व थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर, शमीम पुत्र नसीम निवासी मिमनाला रोड कुटटी मशीन वाली गली कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर, मोहसिन निवासी गुमानी वाली गली थाना श्यामपुर ऋषिकेश देहरादून उत्तराखंड, इजहार निवासी दक्षिण सिविल लाइन तकिया अंसारियान थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर और फारूख निवासी गांव खेड़ी करमू शामली को गिरफ्तार किया है।

### बिजनौर के बुखारा से चुराई थी गाड़ी

आरिफ और शमीम ने बिजनौर के बुखरा रोड से 15 सितंबर की रात सरफराज आलम की गाड़ी चुराई थी। जिसको मोहसिन को बेच दिया था। आरोपी 15 से 20 हजार रुपये में गाड़ियों को बेच देते थे। पुलिस की माने तो होंडा सिटी गाड़ी के पार्टस की काफी मांग रहती है। इसीलिए यह होंडा सिटी आदि कारों को निशाना बनाते थे।

## चोरी करने के दो आरोपियों को पकड़ा

**चांदपुर।** पुलिस ने चोरी करने के दो आरोपियों मोहल्ला सरायरफी निवासी हर्ष उर्फ मोंटी गुप्ता तथा मोहल्ला विवेक नगर निवासी देवांश को पकड़ा है। आरोपियों ने दो दिन पूर्व मोहल्ला कोटला में मयंक अग्रवाल की किराना की दुकान और करीब एक माह पूर्व गांव पिरथीपुर में मंदिर से चोरी की थी। 16020 रुपये नकद, लोहे का गल्ला, बैटरी, इनवर्टर, एल्युमीनियम का बड़ा भगौना बरामद किया है। संवाद

## घर में घुसकर लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** मोहल्ला दीवान परमानंद निवासी कारोबारी अरविंद रंधर के घर में घुसकर पत्नी से लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मोहल्ला पाईबाग निवासी अजय उर्फ अज्जी है। पुलिस ने उसे संतोषी माता मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से पीली धातु की अंगूठी और पांच हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक आरोपी अजय का कारोबारी के घर पर आना जाना था। संवाद

## कुंडल ठगने वाले शातिर ठग को पुलिस ने दबोचा

**किरतपुर।** 15 दिन पूर्व मौहल्ला अंबेडकर नगर निवासी महिला को झांसे में लेकर कुंडल ठगने वाले शातिर ठग को पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके साथी से ठगे हुए सोने के जवरात और 1350 रुपए बरामद किए हैं। कोतवाल जयभगवान सिंह यादव ने बताया कि जांच में ज्ञात होने पर रिहान उर्फ मिंजार पुत्र अनवर निवासी गांव एचोड़ा थाना एचौड़ा कम्बोह जनपद संभल को गिरफ्तार किया।

**सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद रामपुर**

**दिनाँक- 20-09-2024**

# चोरी की 10 बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

संवाद सूत्र, जागरण टांडा (रामपुर) : थाना पुलिस ने चोरी की 10 बाइकों, मोटरसाइकिल का इंजन, पार्ट्स, दो तमंचे व एक चाकू के साथ तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है,जबकि एक साथी फरार हो गया।

गुरुवार की सुब्ह पुलिस ने गांव जालपुर रोड पर एक खंडहर बने मकान पर छापा मारकर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपितों में गांव कलैय्या नगला निवासी उदयपाल उर्फ गुड्डू, गांव लक्ष्मी नगर निवासी सतेंदर पाल सिंह उर्फ सोनू व मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के मुहल्ला रशीदनगर निवासी नदीम शामिल हैं, जबकि उनका चौथा साथी गांव कलैय्या नगला निवासी देवेंद्र पुलिस से बचकर फरार हो गया। पुलिस ने उनके पास से 10 चोरी की बाइकें, बाइक का इंजन, पार्ट्स, दो तमंचे, एक चाकू, तीन कारतूस तथा नकद 1290 रुपये, फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, फर्जी नंबर प्लेट आदि सामान बरामद किया है। पुलिस को आरोपितों ने बताया कि वे बाइक चोरी करते हैं। चोरी कर बाइकें बादली से आगे जालपुर रोड पर ही खंडहर मकान में खड़ी कर रहे थे। बाइकों को आज बेचने की फिराक में ले जाने वाले थे।



थाना टांडा में चोरी की बाइकों के साथ पकड़े आरोपित ● जागरण

पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर सभी के चालान कर दिए हैं। फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित की है। आरोपितों द्वारा जनपद रामपुर, गाजियाबाद व आसपास के क्षेत्र में चोरी करना कुबूल किया है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने बताया कि बरामद चोरी की 10 बाइकों में चार गाजियाबाद से चोरी की गई हैं। जिनके संबंध में जनपद गाजियाबाद के थाना कविनगर में प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतराज सिंह आदि शामिल रहे।

# पांच हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

रामपुर : सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस ने पांच हजार के इनामी को पकड़ा है। वह मारपीट के एक मुकदमे में न्यायालय से गैर हाजिर चल रहा था। पुलिस अपराधी को तलाश रही थी। गिरफ्तारी वारंट जारी हुए थे। आरोपित धोबी वाली गली ज्वालानगर का बब्लू उर्फ सोहन उर्फ सौरभ है। अजीतपुर बाइपास पुल के नीचे से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। जासं

# छात्र की हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार, जेल गया

सैदनगर,संवाददाता। नगलिया आकिल मर्डर केस के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने जेल भेज दिया है। मामला थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का था। सोमवार की रात करीब 10 बजे दो गुटों में विवाद हो गया था। कुछ लोगों ने बीच में पड़कर मामले को शांत करा दिया था। कुछ देर बाद एक गुट ने सलीम के घर पर हमला कर दिया।

इस दौरान जमकर पत्थर बाजी, मारपीट और फायरिंग हुई। ताबड़तोड़ हुई फायरिंग की गोली मेडिकल के छात्र मोहम्मद सानिब के सीने में जा लगी। जिसके चलते छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नगलिया निवासी मोहम्मद सादिक, मोहम्मद आसिफ, हाजी माजिद, मोहम्मद हनीफ उर्फ मोहम्मद समेत दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिफ और गुरुवार को मोहम्मद सदीक को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने शेष आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित किया है। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया जल्दी ही शेष आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद सम्भल
## दिनाँक- 20-09-2024

# चोरी की बाइक सहित एक दबोचा

**भकरौली।** धनारी थाना पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक युवक को गिरफ्तार कर चालान किया है। बाइक दिल्ली से चुराई हुई थी। एसआई कपिल कुमार एचसी बादशाह खान व राजवीर के साथ संदिग्ध लोगों व चोरी वाहन की तलाश में गश्त पर थे। जब वह क्षेत्र के गांव खलीलपुर तिराहे पर पहुंचे तो संदिग्ध बाइक को देख उसे रोक लिया। जांच में बाइक पर लगी नम्बर प्लेट फर्जी निकली। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि बाइक दिल्ली से चोरी की गई थी। अभियुक्त के विरुद्ध तीन अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमें पहले भी दर्ज थे।

# संभल और नखासा से 12 बाल श्रमिक मुक्त

**संभल।** थाना एएचटी और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को संभल और नखासा क्षेत्रों में मानव तस्करी रोकथाम, बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान सात संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें से 12 बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर उनके अभिभावकों के सुपुर्द किया गया।

## सराहनीय कार्य पेपर कटिंग जनपद मुरादाबाद
## दिनाँक- 20-09-2024

# युवती के खाते में वापस कराए 90 हजार रुपये

**मुरादाबाद।** साइबर ठगी की शिकार युवती के खाते में 90 हजार रुपये वापस आ गए हैं। साइबर अपराध थाने की पुलिस की मदद से यह संभव हो पाया। बिलारी के वाटिका कॉलोनी निवासी सजल सोन पुत्री राकेश कुमार सोन ने तीन अगस्त को साइबर अपराध थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उसने बताया था साइबर ठगों ने उसे ऑनलाइन लॉटरी के झांसा देकर 90 हजार रुपये ठग लिए थे। संवाद

# दो जोड़े फिर साथ रहने को हुए राजी

**मुरादाबाद।** गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित नारी उत्थान केंद्र के भरसक प्रयास के चलते दो जोड़े एक बार फिर से साथ रहने के लिए राजी हो गए। दोनों लंबे समय से अलग-अलग रह रहे थे। इस नेक कार्य में परामर्श दाता पूनम बंसल का मुख्य योगदान रहा।

# घर में घुसकर चोरी के दो आरोपी दबोचे

**मुरादाबाद।** कटघर थाना पुलिस ने 12 मई को मोहित रस्तोगी पुत्र दिनेश चन्द्र रस्तोगी निवासी शिवपुरी कालोनी के घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने नाम रागिव उर्फ टावर  निवासी मियां कालोनी,रेहान निवासी जामा मस्जिद थाना व कस्बा भोजपुर बताए। दोनों का चालान कर दिया गया।